भारतीय इंडोर क्रिकेट टीम के ब्रांड एम्बेसडर बने संदीप पाटिल

20 hours ago

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और कोच संदीप पाटिल बुधवार को देश की इंडोर क्रिकेट टीम के ब्रांड एम्बेसडर चुने गए। पाटिल सितंबर में होने वाले विश्व इंडोर क्रिकेट महासंघ (डब्ल्यूआईसीएफ) विश्व कप में भारत का चेहरा होंगे। यह विश्व कप 16 से 23 सितंबर तक खेला जाएगा।

SHARE

SHARE

पूर्व भारतीय कोच संदीप पाटिल

एक बयान के मुताबिक, यह टूर्नामेंट क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) और अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की साझेदारी में यहां के इनस्पोर्ट्स क्लब में आयोजित किया जाएगा। पाटिल ने भारत के लिए 29 टेस्ट और 45 वनडे मैच खेले हैं। वह 1983 में पहला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे।

इसके अलावा वह 1996 में तकरीबन एक साल तक भारत के कोच रहे। वह केन्या की क्रिकेट टीम के कोच रह चुके हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में केन्या ने साल 2003 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयनसमिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पाटिल ने बयान में कहा, "भारत की इंडोर क्रिकेट टीम का एम्बेसडर बनने की खुशी है। इस महान खेल से जुड़े रहना हमेशा खुशी देता है। मैं अपनी टीम को आने वाले टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।"

इंडोर विश्व कप के इस 10वें संस्करण में भारत के अलावा आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, श्रीलंका, सिंगापुर, मलेशिया और मेजबान देश यूएई हिस्सा लेगा।